**CBSE Class – 4 Hindi**
**NCERT Solutions**
**रिमझिम पाठ- 8. कौन?**

**कविता**

**(क) कविता पढ़कर बताओ कि शरारती जीव घर में कहाँ कहाँ  गया?**

**उत्तर-** यह शरारती जीव कपड़ों मे, पुस्तकों की अलमारी में, रसोईघरों में, तस्वीर टँगी दीवार पर, जूते रखने के स्थान पर, कपड़े फैलाने की डोरी पर और घर के प्रत्येक कोने में गया|

**(ख) किस तरह की चीजों का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ?**

**उत्तर -** सबसे ज्यादा नुकसान अनाज, कपड़ों और पुस्तकों का हुआ|

**(ग) कविता में बहुत से नुकसान गिनाए गए हैं | तुम्हारे हिसाब से इनमें से कौन - सा नुकसान सबसे बड़ा है ? क्यों?**

**उत्तर-** इनमें से पुस्तकों का नुकसान सबसे बड़ा नुकसान है| इसका कारण यह है की पुस्तके बहुमूल्य होती है| यदि पुरानी पुस्तक खराब हो जाए तो वह दुबारा नहीं मिल सकेगी|

**(घ) इस कविता में किन शैता नियों की बात कही गई है ? तुमने कैसे अनुमान लगाया?**

**उत्तर -** इस कविता में चूहे की शैतानियों की बात कही गई है क्योंकि चूहा कपड़े, रस्सी और किताब उतरता है| वह रात भर घर में खुर-खुर करता रहता है|

**कभी कुतर जाता है चप्पल**

**शरारती जीव ने बहुत सारी चीजों को कुतरा, बिखरा या और काटा|**

**अब तुम बताओ कि किन-किन चीजों को-**

**उत्तर -**

| **कुतरा जा सकता है** | **बिखराया जा सकता है** | **काटा जा सकता है** |
|---|---|---|
| कपड़ा | अनाज़ | रस्सी |
| कागज़ | चीनी | कपड़ा |
| हल्के प्लास्टिक की चीज़ें | नमक | कागज़ |
| चमड़े से बनी चीज़े | दूध | तार |

**कबाड़ का हिसाब**

**(क) कबाड़ी क्या-क्या सामान खरीदते हैं?**

**उत्तर-** कबाड़ी पुराने अखबार, किताबें, कॉपियाँ, लोहा, प्लास्टिक, शीशे से बनी चीजें आदि खरीदते हैं|

**(ख) तुम्हारे घर से सामान ले जाकर कबाड़ी उसका क्या करते हैं?**

**उत्तर -** हमारे समान को ले जाकर कबाड़ी उसे फैक्ट्रियों में बेच देते हैं|

**(ग) पता करो कि पुराना अखबार या र द्दी किस भाव से बिकते हैं?**

**उत्तर -** पुराने अखबार या रद्दी दस रुपए प्रति किलो के भाव बिकते हैं|

**(घ) अगर कबाड़ी तुम्हारे घर का कबा ड़ न खरीदे तो क्या होगा?**

**उत्तर -** अगर हम हमारे घर का कबाड़ ने खरीदे तो हमारा घर कबाड़ से भर जाएगा|

---

<u>घुसपैठ</u>

**(क) तुम्हारे घर में भी यदि शरारती जीव है या उसकी फौज घुस गई है तो पता करो कि उ स से कैसे निपटा जाता है|**

**उत्तर -** इस शरारती जीव यानी चूहे या उसकी फौज से निबटने के लिए मेरे घर में चूहेदानी का इस्तेमाल किया जाता है| इस चीज से निबटने के लिए हम बिल्ली भी पालते हैं|

**(ख) इ स शरा र ती जीत के अलावा और कौन-कौन सी जी तुम्हारे घर में घुस जाते हैं|**

**उत्तर -** बिल्ली, कॉक्रोच, चीटियाँ, छिपकली, मकड़ी, मच्छर|

---

<u>बूझो</u>

**नीचे लिखी कविता की पंक्तियाँ पढ़ो | जिन शब्दों के नीच रेखा खिंची है , उसका अर्थ आपस में चर्चा करके बताओ|**

**(क) कभी <u>खलीता</u> प र बन आती**

**अन जा ने पैसा गिर जाता**

**उत्तर -** खलीता - थैली

**(ख) रो ज टाँगता धो-धोकर मै**

**कौन उठा ले जाता <u>छन्ने</u>**

**उत्तर-** छन्ने - छानने वाला बारीक कपड़ा|

**(ग) रोज़ रत-भर जगता रहता**

**खुर-खुर इधर-उधर है <u>धाता</u>**

**उत्तर -** धाता - दौड़ता